**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**प्रादेशिक समाचार**

14.09.2026 15:00 बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के साथ–साथ युवाओं में स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेलों में नियमित भागीदारी से शारीरिक फिटनेस बढ़ाने, तनाव कम करने और दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम एकता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और प्रतिस्पर्द्धा की स्वस्थ भावनाओं जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन कर्मचारियों के बीच भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करते हुए प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी देते हैं।

**सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज से दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री दिल्ली में किशाऊ बांध परियोजना के समझौता ज्ञापन को लेकर होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। ये समझौता हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के बीच होना है। ये परियोजना यमुना की सहायक नदी टौंस पर प्रस्तावित है। इस समझौता ज्ञापन के बाद इस परियोजना का रास्ता साफ होगा। किशाऊ बांध परियोजना से हिमाचल को बिजली और राजस्व का फायदा होगा। मुख्यमंत्री 16 सितंबर को ऊना में एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में भी हिस्सा लेंगे।

**गणेश चतुर्थी**

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। दस दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत का आज पहला दिन है। इस दौरान लोग अपने घरों में भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करते हैं और उनकी विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर राजधानी शिमला में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मिडल बाजार स्थित एमसी कॉम्प्लेक्स में भगवान श्री गणेश की

एक सौ 8 मूर्तियों की स्थापना की गई है। श्री सिद्धिविनायक सेवा मंडल ट्रस्ट के प्रधान आशुतोष ने कहा कि गणेश महोत्सव 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तक चलेगा।

सोलन और सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में भी गणेश चतुर्थी के मौके पर शोभा यात्राएं निकाली गई।

## आतंक

शिमला शहर में कुत्तों और बंदरों के लगातार बढ़ते आतंक के खिलाफ आज शिमला नागरिक सभा ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर विरोध प्रर्दशन किया । प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और इस समस्या का स्थाई समाधान न होने पर बड़ा जन आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी। नगर सभा के सचिव विवेक कश्यप ने कहा कि शहर के समिट्री रोड़ में बंदर के हमले में मारी गई महिला के परिजनों को कम से कम 5 लाख मुवाअजा दिया जाए। उन्होंने कुत्तों और बंदरों के काटने पर भी पीड़ित व्यक्ति को एक लाख रूपए के मुआवजे की मांग की। नागरिक सभा ने शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को डॉग सैल्टर में रखने और फुट ब्रिज व रास्तों को बंदरों और आवारा कुत्तों से मुक्त करने की मांग की।

## जुर्माना

परिवहन विभाग के नॉर्थ जोन में यातायात नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। विभाग के नॉर्थ जोन के उड़न दस्ते ने कांगड़ा, चंबा, ऊना और हमीरपुर जिलों में अप्रैल से अगस्त महीने के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी के लिए 3 हजार 97 चालान किए और एक करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया। उड़न दस्ते के आरटीओ असीम सूद ने कहा कि इसमें से 82 लाख 87 हजार रूपए से अधिक की राशि वसूली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में भी औचक निरीक्षण जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।